राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट की स्टेक होल्डर्स मीट आयोजित

जोधपुर, (नि.सं.)। राजस्थान हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज़्म फेडरेशन एवं राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट (आर डी टी एम) 2025 के पांचवें संस्करण की स्टेक होल्डर्स मीट उमेद भवन पैलेस में हुई।

इस अवसर पर एफएचटीआर के मुख्य संरक्षक पूर्व महाराजा गज सिंह द्वितीय, राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग के अतिरिक्त आयुक्त राजेश सिंह, पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक दिलीप सिंह राठौड़, एफएचटीआर अध्यक्ष कुलदीप सिंह चंदेला, एफएचटीआर वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह शाहपुरा, एफएचटीआर उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह पचार, झारा अध्यक्ष जे एम बूभ, टैज अध्यक्ष गजराज सिंह शेखावत, एचआरएआर अध्यक्ष तरुण बंसल, एफएचटीआर महासचिव सीए वीरेंद्र एस शेखावत सहित पर्यटन एवं आतिथ्य उद्योग के प्रमुख हितधारक, नीति-निर्माता एवं उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस मीट का मुख्य उद्देश्य आर टी डी एम - 2025 की तैयारियों की समीक्षा करना तथा राजस्थान के पर्यटन क्षेत्र की विशाल संभावनाओं पर विचार-विमर्श करना रहा।

कार्यक्रम में एफएचटीआर के मुख्य संरक्षक एवं मारवाड़-जोधपुर के गज सिंह द्वितीय ने कहा कि राजस्थान की सांस्कृतिक विविधता, ऐतिहासिक धरोहर और अतुलनीय आतिथ्य इसे न केवल भारत बल्कि विश्व का एक अमूल्य पर्यटन गंतव्य बनाते हैं। उन्होंने कहा कि आर डी टी एम जैसे मंच राज्य के पर्यटन व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। जोधपुर में इस स्टेकहोल्डर्स मीट का आयोजन इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

राजस्थान हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज़्म फेडरेशन एवं राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट 2025 के पांचवें संस्करण की स्टेक होल्डर्स मीट उमेद भवन पैलेस में हुई।

इस अवसर पर राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग के अतिरिक्त आयुक्त राजेश सिंह ने कहा कि राजस्थान सरकार पर्यटन क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। 2025 के माध्यम से हम स्थानीय व्यवसायों को राष्ट्रीय मंच प्रदान कर रहे हैं और घरेलू पर्यटन को प्रोत्साहित कर रहे हैं। यह पहल राज्य के आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

एफएचटीआर अध्यक्ष कुलदीप सिंह चंदेला ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि आर डी टी एम का उद्देश्य केवल पर्यटन को बढ़ावा देना ही नहीं है बल्कि राजस्थान के प्रमुख और उभरते हुए पर्यटन स्थलों को देशभर के यात्रियों के सामने प्रस्तुत करना भी है। इस वर्ष हमें अधिक भागीदारी, नवाचार और साझेदारी की अपेक्षा है, जिससे राज्य के पर्यटन परिदृश्य को और समृद्ध किया जा सके।

राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट 2025 का आयोजन आतिथ्य और पर्यटन क्षेत्र के प्रतिष्ठित संगठनों के सहयोग से किया जा रहा है। इनमें शामिल हैं। इंडियन हेरिटेज होटल्स एसोसिएशन ,होटल्स एंड रेस्टोरेंट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान , राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स , इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स , एसोसिएशन ऑफ डोमेस्टिक टूर ऑपरेटर्स ऑफ इंडिया, पैसिफिक एशिया ट्रैवल एसोसिएशन , ग्लोबल एसोसिएशन ऑफ इवेंट्स एंड हॉस्पिटैलिटी प्रोफेशनल्स, और ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया। इन संगठनों की भूमिका आरडीटीएम को सफल बनाने में अहम है।

पिछले संस्करण में 240 से अधिक राष्ट्रीय खरीदार और 280 राजस्थान-आधारित विक्रेता शामिल हुए थे। 7,000 से अधिक बी2बी मीटिंग्स आयोजित हुईं, जिनसे होटल बुकिंग, क्यूरेटेड अनुभवों और डेस्टिनेशन वेडिंग्स के लिए बड़ी संख्या में संभावनाएँ उत्पन्न हुईं। इस मंच ने राज्य के पर्यटन व्यवसाय को बढ़ावा देने में अपनी प्रभावशीलता स्पष्ट रूप से सिद्ध की है।

आरडीटीएम का पांचवां संस्करण 12 से 14 सितंबर 2025 तक जयपुर में आयोजित होगा। इस वर्ष और अधिक भागीदारी तथा व्यावसायिक अवसरों की उम्मीद है। वे स्टेकहोल्डर्स जो अपनी सेवाएँ और उत्पाद प्रस्तुत करना चाहते हैं, प्रमुख खरीदारों से जुड़ना चाहते हैं और राजस्थान के पर्यटन विकास की यात्रा का हिस्सा बनना चाहते हैं, वे की वेबसाइट पर पंजीकरण कर सकते हैं।

लूणी में लकड़बग्गों ने दस जनों को घायल किया

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर शहर के निकटवर्ती लूणी तहसील के गांवों में पिछले तीन दिन से लकड़बग्गों ने आतंक मचा रखा है। लकड़बग्गों ने अब तक करीब दस लोगों पर हमला कर घायल कर दिया है। पुलिस और वन विभाग की टीमें लकड़बग्गों के पीछे लगी हुई है। सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने दो लकड़बग्गों को मार दिया। तीन-चार और भी आसपास के गांवों में बताए जाते हैं। इनसे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में दहशत बनी हुई है। आज सुबह भी एक व्यक्ति पर लकड़बग्गे ने हमला किया था। वह जख्मी हो गया। ग्रामीण की तरफ से वीडियो बनाकर डाला गया। पहले इनको लेकर ग्रामीणों द्वारा कयास लगाया जा रहा था कि वह अज्ञात जानवर है, मगर धीरे-धीरे स्थिति स्पष्ट होने पर उसका लकड़बग्गे अथवा भेड़िए के होना पता लगा है।

वन्य जीव बचाव दल उड़नदस्ता के अधिकारी गणपत सिंह फॉरेस्टर के अनुसार शिकारपुरा में मृत अवस्था में पाया जानवर भेड़िया अथवा लकड़बग्गा है। इसके अलावा रविवार रात को काकाणी में मृत अवस्था में भेड़िया मिला था, दोनों को जोधपुर रेस्क्यू सेंटर ले जाया गया है। आज सुबह लूणी नदी क्षेत्र में तीसरा भेड़िया दिखाई दिया है, जिसको सर्च किया जा रहा है।

जर्जर स्कूल भवन व अवैध खनन को लेकर ज्ञापन दिया

पाली में बूसी के ग्रामीण कलैक्टर को ज्ञापन देने पहुंचे। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली, (नि.सं.)। पाली के निकट स्थित बूसी गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में सोमवार को पाली कलेक्ट्रेट पहुंचे। कांग्रेस नेता भूरा राम सीरवी के नेतृत्व में वे जिला कलेक्टर से मिले। अवैध खनन, जर्जर स्कूल भवन और खस्ताहाल सड़कों की दशा जल्द सुधारने की मांग को लेकर ज्ञापन की।

पाली के निकट स्थित बूसी गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में सोमवार को पाली कलेक्ट्रेट पहुंचे।

कांग्रेस नेता भूरा राम सीरवी के नेतृत्व में वे जिला कलेक्टर से मिले। अवैध खनन, जर्जर स्कूल भवन और खस्ताहाल सड़कों की दशा जल्द सुधारने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन सौंपते हुए कांग्रेस कमेटी प्रदेश महासचिव भूराराम सीरवी ने कहा कि बूसी के राजकीय उच्च माध्यमिक भवन की हालत पिछले काफी सालों से खस्ताहाल है।

जर्जर के कारण कभी हादसा हो सकता है। बच्चों और स्कूल टीचर्स की जान पर आ सकती है इसलिए इसे जल्द मरम्मत करवाया जाए।

इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र में हो रहे बजरी के अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। साथ ही सापूनी से बूसी को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण करवाया जाए। जिससे ग्रामीणों को आने जाने में परेशानी का सामना न करना पड़े।

इस दौरान दुर्गाराम घांची, मंगलाराम चौधरी, वरदाराम चौधरी, पिताराम घांची, ताराचंद गर्ग, पीताराम परिहार, अमरसिंह रजपूत, ताराचंद मीणा, चम्पालाल प्रजापत, मांगीलाल चौधरी, शंकर हीरागर, प्रमोद परिहार, रताराम चौधरी, मोहिनुद्दीन, घनश्याम, दीपक, नारायणलाल, एडवोकेट दिनेश, चम्पालाल प्रजापत सहित कई जने मौजूद रहे।

रामदेवरा के लिए रेलवे ने चलाई सात जोड़ी ट्रेन

जोधपुर, (कासं)। रेलवे द्वारा रामदेवरा मेला के जातरुओं के लिए जोधपुर से सात जोड़ी ट्रेनों का संचालन शुरू किया गया है। जिसमें चार जोड़ी नियमित,एक साप्ताहिक और दो मेला स्पेशल ट्रेनें हैं। इसके अलावा एक और मेला स्पेशल ट्रेन भगत की कोठी से 22 अगस्त से प्रारंभ की जा रही है जो 7 सितंबर तक 17 ट्रिप करेगी।

उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि प्रसिद्ध रामदेवरा मेला में ट्रेनों से आवागमन करने वाले जातरुओं की तादाद पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है तथा उसी के अनुरूप मेला स्पेशल ट्रेनों के संचालन की अनुशंसा की जा रही है।

ट्रेन नंबर 22931,बांद्रा टर्मिनस-जैसलमेर सुपरफास्ट साप्ताहिक जोधपुर से प्रत्येक शनिवार सुबह 3.50 बजे प्रस्थान व रामदेवरा आगमन 6.40 बजे। वापसी में ट्रेन 22932, जैसलमेर-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट साप्ताहिक प्रत्येक शनिवार रामदेवरा स्टेशन से प्रस्थान रात्रि 20.03 बजे व जोधपुर आगमन रात्रि 11.15 बजे।

ट्रेन 04863,जोधपुर-रामदेवरा मेला स्पेशल प्रतिदिन जोधपुर से प्रस्थान सुबह 4 बजे व रामदेवरा स्टेशन पर आगमन 7.45 बजे। वापसी में ट्रेन 04864,रामदेवरा-जोधपुर मेला स्पेशल रामदेवरा से प्रस्थान सुबह 8.25 बजे व जोधपुर स्टेशन पर आगमन दोपहर 12 बजे।

ट्रेन नंबर 20492,साबरमती-जैसलमेर सुपरफास्ट प्रतिदिन जोधपुर से प्रस्थान सुबह 6.10 बजे व रामदेवरा स्टेशन पर आगमन 9.11 बजे।

उन्होंने बताया कि वापसी में ट्रेन 20491,जैसलमेर-साबरमती सुपरफास्ट प्रतिदिन रामदेवरा स्टेशन से प्रस्थान सायं 5.23 बजे व जोधपुर आगमन 8.55 बजे।

ट्रेन नंबर 04833,जोधपुर-रामदेवरा मेला स्पेशल प्रतिदिन जोधपुर से सुबह 10.50 बजे प्रस्थान व रामदेवरा स्टेशन पर आगमन दोपहर 2.30 बजे । वापसी में ट्रेन 04834,रामदेवरा-जोधपुर मेला स्पेशल प्रतिदिन रामदेवरा से दोपहर 3.20 बजे प्रस्थान व जोधपुर स्टेशन पर आगमन सायं 7.15 बजे।

ट्रेन 74844,भगत की कोठी-जैसलमेर डेमू प्रतिदिन भगत की कोठी से दोपहर 1.30 व जोधपुर से 2 बजे प्रस्थान व रामदेवरा स्टेशन पर आगमन सायं 5.22 बजे। वापसी में ट्रेन नंबर 74844,जैसलमेर-भगत की कोठी डेमू प्रतिदिन रामदेवरा स्टेशन से सुबह 9.15 बजे प्रस्थान व जोधपुर रेलवे स्टेशन पर दोपहर 1.10 व भगत की कोठी पर 2 बजे आगमन।

ट्रेन 15014,काठगोदाम-जैसलमेर रानीखेत एक्सप्रेस प्रतिदिन जोधपुर स्टेशन से प्रस्थान सायं सायं 5 बजे व रामदेवरा स्टेशन पर आगमन रात्रि 8.20 बजे।

वापसी में ट्रेन नंबर 15013,जैसलमेर-काठगोदाम रानीखेत एक्सप्रेस प्रतिदिन रामदेवरा स्टेशन से प्रस्थान सुबह 4.53 बजे व जोधपुर रेलवे स्टेशन पर आगमन सुबह 8 बजे। ट्रेन नंबर 14087,दिल्ली-जैसलमेर रूणिचा एक्सप्रेस प्रतिदिन जोधपुर से रात्रि 20.15 बजे प्रस्थान व रामदेवरा स्टेशन पर रात्रि 23.52 बजे आगमन। वापसी में ट्रेन 14088,जैसलमेर-दिल्ली रूणिचा एक्सप्रेस प्रतिदिन रामदेवरा स्टेशन से प्रस्थान रात्रि 20.30 बजे व जोधपुर स्टेशन पर आगमन रात्रि 23.45 बजे।

मटकी फोड़ी

गुड़ामालानी, (निसं)। बावड़ी शिव मंदिर परिसर में हर साल की भांति इस वर्ष भी कन्हैया मित्र मंडल द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर मटकी फोड़ कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम पंचायत समिति सदस्य कांतिलाल सोनी, रतनपुरा विद्यालय के प्रधानाचार्य वेहनाराम सोनगरा,पुर्व उप सरपंच दिलीप शर्मा, धनराज शर्मा के द्वारा भगवान कृष्ण कि तस्वीर के आगे दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कन्हैया मित्र मंडल जोगेंद्र आचार्य एवं उपाध्यक्ष भंवरलाल लखारा ने बताया कि कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर मटकी फोड कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न प्रकार कि भक्ति प्रस्तुतियां दी गई । वही मटकी की बोली लगाई जिसमें एक से बढकर एक श्रद्धालुओं ने बोली लगाई । अंतिम बोली श्री बजरंग मोबाइल एवं इन्फिन्टी होटल एण्ड रेस्टोरेंट के संचालक ओमप्रकाश पुत्र नारायण सिंह राजपुरोहित लंगेरा बाडमेर वालो के द्वारा ली गई । टीम द्वारा बोलीदाता का स्वागत कर कन्धों पर बिठाकर मटकी फोडी । साथ हाथी घोडा पालकी जय कन्हैया लाल की के जयकारों से कस्बा गुंजायमान हो गया। पुलिस प्रशासन का बडा सहयोग रहा। केलाश भार्गव, मुकेश कुमार लखारा, सोहनलाल संत,भरत लखारा,विटल सन्त, मुस्ताक, रवि लखारा सहित कन्हैया मित्र मंडल टीम आदि मौजूद रहे।

काव्य कलश की गोष्ठी में बही काव्य रस धार

जोधपुर में काव्य कलश की काव्य गोष्ठी संस्था के पावटा सी रोड स्थित कार्यालय में हुई।

जोधपुर, (कासं)। काव्य कलश की काव्य गोष्ठी संस्था के पावटा सी रोड स्थित कार्यालय में आयोजित की गई। उक्त गोष्ठी में शीर्षस्थ कवि दिनेश सिंदल सहित नगर के सोलह नायाब नगमों ने ढाई घंटे तक फिज़ा में रवानी घोले रखी। सिंदल के रचना-कर्म की दिलकश बानगी- "एक नदी पर्वत से निकली; गुनगुनाती, मुस्कुराती गीत आजादी के गाती, वो चली सागर से मिलने." बेजोड़ थी।

कार्यक्रम के अध्यक्ष असरार आहिल की ग़ज़ल-"तुम नहीं हो तो बहारों का तसव्वुर कैसा,तुम साथ हो तो बहारों की जरूरत क्या" ने नशिस्त में रंगत भरदी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और प्रसिद्ध अंग्रेजी उपन्यास लेखक डॉ. विपिन बिहारी गोयल ने-"मुआफ़ करना तुम्हें दोस्त न कह सकूंगा, मेरी आस्तीन में.." तथा अपनी कविता-अभिव्यक्ति के अंश-"मुझे तुम्हारे घर के सामने लगे बैंगनी.." सुनाकर गागर में सागर भर दिया।

संस्था के उपाध्यक्ष और नामवर शायर अशफ़ाक अहमद फौजदार की ग़ज़ल--"कल मेरी भी तो शब कैसे गुजरी, तुम्हें क्या मालूम" सूफियाना फ्लेवर से लबरेज थी। जाने-माने कवि नवीन पंछी की कविता -सब कृष्णमय हो रहे हैं; वो भी एक दिन के लिए" ने सभा में जन्माष्टमी की गंध बिखेर दी।

संस्था के सचिव व वरिष्ठ कवि श्याम गुप्ता शान्त ने कविता-मौन मेरा साथी के सस्वर वाचन के साथ-कोरोना, फिर न आना को श्रध्दा-सुमन अर्पित किए। शायर रजा मोहम्मद खान ने बेहतरीन ग़ज़ल- अंधेरों में चलते चलते आदत-सी हो गई है पेश की। प्रमोद वैष्णव ने-अब सांपों से डर नहीं लगता, पाल लिए हैं मैंने भी दो-चार नवेले" प्रभावी व्यंग्य परोसा।दिलीप कुमार पुरोहित ने धर्म के आडंबर को बेनकाब कर प्रकृति व मानव-प्रेम को प्रस्थापित किया। डॉ. तृप्ति गोस्वामी काव्यांशी ने -"कशमकश की बसर किस शहर में किया जाए" से गोष्ठी को ऊंचाई बख्शी।

जुगल किशोर सारस्वत ने रंग बदलते आदमी को बेनूर किया। राजेन्द्र खींवसरा ने -"तुम जो आकर मिले थे उपवन में,चाक दामन सिले थे..", ओमप्रकाश गोयल सागर ने -"हम इश्क में पड़कर बदनाम हो गए.." व नीलम व्यास स्वयंसिद्धा ने मार्मिक कविता-" माँ पर कैसे गीत लिखूं, माँ ने मुझे रच डाला" सुनाई। दीपिका रूहानी ने भावपूर्ण कविता- "वो एक ख्वाब-सा है, पर लाजवाब-सा है." ने सुनाकर महफिल को रोशन कर दिया।

कार्यक्रम का संचालन अशफाक अहमद फौजदार ने तथा श्याम गुप्ता शान्त ने आगंतुक कविगणों का आभार व्यक्त किया।

जोजरी नदी बचाओ रैली निकाली

बालोतरा, (निसं)। बालोतरा जिले के डोली गांव में आरएलपी सांसद हनुमान बेनीवाल के नेतृत्व में जोजरी नदी बचाओ रैली निकाली गई। रात को तीन बजे डोली से हनुमान बेनीवाल ने अपने समर्थकों के साथ बालोतरा कलेक्ट्रेट पर कूच किया। कलेक्ट्रेट के आगे धरने पर बैठ गए। थोड़ी देर बाद कलेक्टर और एसपी दे रहे धरना स्थल पर आकर उनका मांग पत्र लिया। इस दौरान प्रशासन व सरकार स्तर पर जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। सुबह साढ़े तीन बजे बेनीवाल ने धरना समाप्त किया।

जानकारी के अनुसार डोली-अराबा-कल्याणपुर समेत आसपास के गांवों में प्रदूषित पानी के स्थाई समाधान करने व वैकल्पिक तौर पर समाधान की मांग को लेकर आरएलपी सुप्रीमो अपने समर्थकों और ग्रामीणों के साथ धरना दिया। रात दस बजे तक अलग-अलग दौर में हुई वार्ता के बाद मांगों पर सहमति नहीं बन पाई। रालोपा सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल धरनास्थल पर ही बैठे रहे। सांसद हनुमान बेनीवाल ने प्रतिनिधिमंडल को प्रशासन से वार्ता के लिए भेजा। कई दौर की वार्ता हुई। इस दौरान सांसद ने कहा कि वार्ता के बाद तय करेंगे कि हमारा कूच बालोतरा कलेक्ट्रेट होगा या फिर जोधपुर कमिश्नरेट। रविवार देर रात करीब 1.30 बजे हनुमान बेनीवाल सैकड़ों समर्थकों के साथ डोली से बालोतरा जिला मुख्यालय के लिए रवाना हुए। सुबह दो बजे कलेक्ट्रेट पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और घेराव किया। सूचना मिलते ही कलेक्टर सुशील कुमार यादव और एसपी रमेश कुमार मौके पर पहुंचे। करीब आधे घंटे चली वार्ता के दौरान रालोपा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

चल कैंटीन रवाना की

जालोर, (कासं)। जालोर जिला मुख्यालय से हिंदू युवा संगठन संस्था की प्रेरणा से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोमवार को रामदेव मित्र मंडल की ओर से चल कैंटीन को संस्थापक अध्यक्ष सुरेश सोलंकी नगर अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह बगेडिया भाजपा नेता जीतू सिंह के द्वारा भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया।

चल कैंटीन संस्था महामंत्री अर्जुनसिंह पंवार के नेतृत्व में रवाना हुआ। जिसमें अचलसिंह परिहार भवानी सिंह पंवार किशन सुंदेशा मांगूसिंह सेवा देंगे। चल कैंटीन में पैदल रामदेवरा चलने वाले भक्तों के लिए फल फ्रूट बिस्किट नमकीन मेडिकल सेवा इत्यादि सुविधा दी जाएगी। भरत सिंह पंवार निखिल सिंह जयंती लाल बोराना सुरेश कंसारा अंकित सिंह भाटी राकेश बहती जगदीश देवासी करण सिंह चारण शेरू भाई मुराद खान पिंटू सोनी अनिल चौधरी रूपाराम माली मदन माली सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पदयात्रा रवाना

रेवदर, (निसं)। सोनानी गांव से बाबा रामदेव जी की भक्ति में लीन होकर युवा पदयात्रा पर रवाना हुए।

गांव से निकलते समय जगह-जगह ग्रामीणों ने पदयात्रा का स्वागत किया और बाबा रामदेव के ध्वज के दर्शन किए। श्रद्धालुओं ने झांकी/ध्वज दर्शन का लाभ उठाया और आशीर्वाद प्राप्त किया।

यह पदयात्रा भक्तों के बीच धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का संदेश लेकर आगे बढ रही है। यात्रा के दौरान युवाओं ने बताया कि बाबा रामदेव जी के मार्ग पर चलकर समाज में प्रेम, भाईचारे और सद्भावना का संचार होता है।

पुलिस ने धोखाधड़ी के शातिर आरोपी को पकड़ा

बाड़मेर, (निसं)। बाड़मेर पुलिस ने एक बडी सफलता हासिल करते हुए एक ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जो वाहन चोरी के झूठे मुकदमे दर्ज करवाकर और वाहनों को आग लगाकर बीमा कंपनियों से करोडों रुपये की धोखाधडी कर रहा था।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान सताराम पुत्र देराम राम जाट निवासी रावतसर, बाडमेर के रूप में हुई है, जो इस पूरे गिरोह का मास्टरमाइंड है।

बाडमेर के पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि आरोपी सताराम ने अब तक विभिन्न थानों में 12 मामले दर्ज करवाए थे। जिनमें उसने बीमा कंपनियों से करोडों रुपये का क्लेम उठाया था। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी ने 20 करोड रुपये से अधिक की क्लेम राशि स्वयं और अपने साथियों के खातों में ले चुका है। एसपी मीणा ने बताया कि आरोपी स्वयं द्वारा या अपने मिलने वाले के नाम पर ट्रक खरीदता था और अलग अलग बीमा करवाकर वाहन चोरी की झूठी एफआईआर दर्ज करवाकर बीमा क्लेम उठाता था।

अब तक अनुसंधान में सामने आई जानकारी के अनुसार गुडामालानी, शिव , बायतू, पचपदरा, बालोतरा, जसोल, सिणधरी , आसोप, सेन्दडा एवं जेतारण थानों में पिछले 4 सालों में ट्रक एवं ट्रेलर चोरी के झूठे प्रकरण दर्ज करवा कर आरोपी ने बीमा कम्पनियों से करीब 20 करोड रूपये का क्लेम उठा लिया एवं कई वाहनों के क्लैम उठाने की प्रक्रिया जारी है। राज्य से बाहर दिल्ली तथा गुजरात में भी वाहन चोरी के प्रकरण दर्ज करवाए गये है एवं क्लैम उठाने की प्रक्रिया की जा रही थी। आरोपी एफआईआर दर्ज करवाने के बाद वाहनों का पुनः अन्य राज्यों से रिअसाईन्मेंट करवा कर तेल कम्पनियों में वाहनों को किराये पर चला रहे थे। वाहन के नम्बर अरूणाचल प्रदेश के लगवा कर पुनः नये नम्बरों से राजस्थान एवं गुजरात में रजिस्ट्रेशन किया गया। अनुसंधान से अब तक सामने आए तथ्यों से स्पष्ट हुआ कि थाना शिव, सिणधरी, जसोल, पचपदरा एवं सेन्दडा में दर्ज करवाये गये प्रकरणों में वाहन ही अस्तित्व में नहीं थे। इन वाहनों के लिए कूटरचित दस्तावेज तैयार कर अरूणाचल प्रदेश से रजिस्ट्रेशन करवा कर राजस्थान में रिअसासईन्मेंट करवा कर किसी दूसरी गाडी पर नम्बर प्लेट लगवा कर बीमा करवा कर वाहन चोरी की एफआईआर करवा कर क्लैम उङ्गाए गए एवं उङ्गाने के प्रयास किए गए। इस सम्बन्ध में परिवहन विभाग एवं बीमा कम्पनी में फील्ड में कार्यरत कार्मिकों की भूमिका के बारे में भी अनुसंधान किया जा रहा है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि इस धोखाधडी में बालोतरा जिले के एक पुलिसकर्मी और डीटीओ ऑफिस के कर्मचारियों की भी संदिग्ध भूमिका बताई जा रही है। पुलिस इन सभी की भूमिका की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी विदेश भागने की फिराक में था। लेकिन पुलिस ने उसे जयपुर के वीजा ऑफिस से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी पिछले 9 महीनों में पचपदरा थाने में तीन चोरी के मामले दर्ज करवा चुका था। आरोपी अरुणाचल प्रदेश में वाहनों का नया रजिस्ट्रेशन करवाकर उन्हें दोबारा कंपनियों में किराए पर लगा देता था। पुलिस ने ऐसे तीन वाहनों को जब्त कर लिया है।

फर्जी दस्तावेज बनाकर करोडो रूपये की चपत लगाकर गैर कानूनी तरीके से पैसे हडपने वाले सताराम के अन्य सहयोगियों एवं अरूणाचल प्रदेश से फर्जी तरीके से नया रजिस्ट्रेशन करवा कर रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले एवं चैसिस नम्बर व ईंजन नम्बर घिसने वालों को शीघ्र गिरफ्तार किया जायेगा। मास्टर माइंड सताराम के इस अपराध में हनुवतंसिंह, जोगेन्द्र चौधरी, मोहनराम, विशनाराम, चिमनसिंह, मांगीलाल, देवाराम एवं शेराराम ने अलग-अलग थानों में अलग-अलग समय पर झूङ्गे प्रकरण दर्ज करवाने में सहयोग किया एवं अपने नाम से प्रकरण दर्ज करवाये गये। सताराम ने स्वयं को सन्देह से बचाने के लिए अलग-अलग बीमा कम्पनी से वाहनों का बीमा करवाकर अलग-अलग थानों में अलग-अलग व्यक्तियों के द्वारा अलग-अलग समय में झूठे प्रकरण दर्ज करवा कर कुछ प्रकरणों में फर्जी क्लैम उठाए गए एवं अन्य में क्लैम उठाने की प्रक्रिया करवाई गई।

पुलिस ने बताया कि इस मामले की जांच में प्रवर्तन निदेशालय और आयकर विभाग की भी मदद ली जाएगी। पुलिस आरोपी की संपत्ति की जांच के लिए ईडी और आयकर विभाग को भी कार्रवाई के लिए लिखेगी। इसके अलावा पुलिस ने जोधपुर रेंज में बीते 10 सालों में वाहन चोरी के दर्ज मामलों की सूचना मांगी है ताकि अन्य अपराधों का पता लगाया जा सके।

तीखी गांव में जलधारा चातुर्मास

जालोर, (कासं)। जालोर शहर के निकट तीखी गांव के जैन उपाश्रय मे श्रीनिर्वाणी देवी उपासक परम पूज्य साध्वी यत्नदर्शिता म. सा. (यशोदा म.सा.) आदि ठाणा 3 का चातुर्मास हो रहा है प्रतिदिन के प्रवचन में आज यशोदा म सा ने बताया कि पर्व पर्युषण में धर्म की आराधना करनी है और तपस्या से कर्मो का क्षय करना है।

पर्युषण के दिनो मे अत्यंत जयणापूर्वक जीवन जीना है और हमारे दिन प्रतिदिन के कार्यो से जाने अनजाने मे भी कही छोटे-बडे जीवो को कोई पीडा या हानि न पहुंचे इसका ख्याल रखना है। पर्युषण पर्व पहले हमारे से हुई गलतियो के लिए सभी से क्षमा मांग कर धर्म की आराधना और तप-जप करने का पर्व है। जैनो के सभी श्रावक-श्राविकाओ को अपने कृतव्यो का पालन पर्युषण मे भली भाति सावधानीपूर्वक करना है जिसका विस्तृत विवेचन आगामी व्याख्यान मे होगा। ज्ञान वृध्दि अभियान के तहत एक दिन पूर्व सभी को जैन तीर्थंकर श्री महावीर स्वामी भगवान के जीवन परिचय विषय पर प्रश्न पेपर दिए गये थे और उनका परिणाम आज प्रवचन में घोषित किया गया । प्रथम स्थान रमेशकुमार खूबचंद जी जैन, द्वितीय स्थान महावीर गोतमजी जैन तथा तृतीय स्थान कांता रमेशजी जैन ने प्राप्त किया। श्री जैन संघ तीखी द्वारा सभी को पुरस्कृत किया गया।आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि गुरु मां ने ऐसा प्रश्न पेपर तैयार किया कि आप कितनी भी और कैसी भी पुस्तक ले लो, कितना भी गूगल कर लो उसके द्वारा आप एक प्रश्न का उत्तर भी नहीं ढूंढ सकते जबकि सारे प्रश्नों के उत्तर उस प्रश्न पेपर में ही थे।

लायन्स क्लब कार्यकारिणी का स्थापना समारोह

जालोर शहर में लायंस क्लब जालोर की नई कार्यकारिणी (वर्ष 2025-2026) का स्थापना समारोह आयोजित हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जालोर शहर के एक निजी होटल में रविवार रात्रि को लायंस क्लब जालोर की नई कार्यकारिणी (वर्ष 2025-2026) का स्थापना समारोह आयोजित हुआ।

कार्यक्रम लायंस क्लब अध्यक्ष लायन पवन पेरिवाल को लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 ई-2 के प्रथम उप प्रांतपाल एमजेएफ लायन निशांत जैन कि ओर से पद की शपथ दिलाई गई। उन्होंने अध्यक्ष को निर्देशित किया कि वे पूरे वर्ष जरूरतमंदों और पीडतों की सेवा के लिए समर्पित रहें। उन्होंने सभी सदस्यों से आग्रह किया कि वे इंटरनेशनल प्रेसिडेंट ए.पी. सिंह के आव्हान के अनुसार क्लब की सदस्यता बढाने पर ध्यान दें और एक नया लियो क्लब स्थापित करें।

इस अवसर पर पूर्व प्रांतपाल लायन दिलीप तोषनीवाल ने भी प्रत्येक जीव के प्रति करुणा भाव रखने और सेवा में सक्रिय भूमिका निभाने की आवश्यकता पर बल दिया।

इस स्थापना समारोह का संचालन पूर्व अध्यक्ष लायन कालूराज मेहता द्वारा किया गया। प्रथम उप प्रांतपाल द्वारा निम्नलिखित सदस्यों को लायंस क्लब की पिन पहनाकर सम्मानित किया गया। लायन दीपेश सिद्धावत , लायन श्याम सुंदर गोयल , लायन पवन पेरिवाल , लायन रमेश फोफालिया , लायन किशन माहेश्वरी , लायन एन.के. बंसल , लायन रमेश जैन , लायन सत्यनारायण माहेश्वरा, डॉ. एस.पी. शर्मा , लायन राजेन्द्र भूतडा , लायन कमल मूंदडा , लायन राजेन्द्र जैन , लायन विजय मोदी , लायन अमन मेहता , लायन मुकेश मोदी, लायन नथमल बजाज , लायन दामोदर भूतडा , लायन धर्मेन्द्र पटवा , लायन सुरेश अग्रवाल एवं डॉ. राजेन्द्र गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

सौंदर्यकरण पर चर्चा

रेवदर, (निसं)। सांतपुर तालाब के सौंदर्यकरण को लेकर सांसद लुंबाराम चौधरी ने यूआईटी कार्यालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं यूआईटी के पूर्व चेयरमैन सुरेश कोठारी, पूर्व राज्यमंत्री भूपेंद्र देवासी,जिला परिषद सदस्य कन्हैयालाल, भूपेंद्र सांभरिया, मनीष परसाई, अजय ढाका,दीपेश अग्रवाल, दुर्गेश राव एवं अधिकारी उपस्थित थे।